# बिहार सरकार
## कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
## गृह विभाग (कारा)।

## संकल्प

**विषयः—केन्द्रीय कारा, बक्सर की भूमि मे से कुल 01 एकड़ 90 डी० (600 फीट x 138 फीट) भूमि, जिस पर वामन भगवान मंदिरं अवस्थित है, को मंदिर के विकास, सौन्दर्यीकरण एवं इसमें प्रवेश हेतु सहज व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से वामन भगवान मंदिर हेतु चिन्हित कर कारा परिसर से पृथक किये जाने तथा कारा सुरक्षा को अप्रभावित बनाये रखने हेतु मंदिर परिसर के तीन तरफ से कंटीले तार सहित 14 (चौदह) फीट की चहारदीवारी का निर्माण कराने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।**

जिला पदाधिकारी, बक्सर के पत्रांक—2925 दिनांक—25.04.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि माननीय विधायक श्री आनन्द मिश्र, बक्सर विधान सभा द्वारा केन्द्रीय कारा, बक्सर परिसर स्थित वामन भगवान मंदिर, जो वर्तमान में कारा परिसर के भीतर स्थित होने के कारण आमजनों की नियमित पहुँच से वंचित होने का उल्लेख करते हुए कारा परिसर की चहारदिवारी को इस प्रकार निर्मित करने का अनुरोध किया गया है कि वामन भगवान मंदिर कारा परिसर के भीतर न रहे एवं आम श्रद्धालु सहजता से दर्शन कर सकें।

2. दिनांक—06.04.2026 को जिला पदाधिकारी, बक्सर की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारा बक्सर परिसर अवस्थित वामन भगवान मंदिर के सुरक्षा, सौदर्यीकरण एवं प्रबंधन हेतु C.W.J.C. No.- 9260 of 2022 डॉ० विमला शंकर मिश्रा उर्फ विमला शंकर मिश्रा बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा दिनांक 29.11.2022 की पारित आदेश के आलोक में मंदिर प्रबंधक समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है, जो निम्नवत है :—

(i) कुल 01 एकड़ 90 डी० (600 फीट x 138 फीट) कारा भूमि को मंदिर परिसर हेतु अलग किया जा सकता है एवं कारा परिसर की सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु चिन्हित मंदिर परिसर के तीन तरफ से 14 (चौदह) फीट कंटीले तार सहित चहारदीवारी का निर्माण कराया जा सकता है।

(ii) मंदिर प्रबंधक समिति में आम जन में से किन्ही दो व्यक्ति जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड न हो, को सदस्य के रूप में नामित किया जा सकता है।

(iii) वामन भगवान मंदिर को कारा परिसर से अलग किये जाने के उपरांत यदि कभी भी प्रशासन को कारा सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका होती है अथवा कोई भी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति में कारा सुरक्षा को दृष्टिपथ में रखते हुए उक्त मंदिर का प्रबंधन पूर्व की भांति ही मंदिर प्रबंधक समिति एवं प्रशासन के नियंत्रण में कर लिया जाएगा।

(iv) वामन भगवान मंदिर परिसर को कारा परिसर से अलग किये जाने के उपरांत किसी भी प्रकार के बड़े समारोह या अनुष्ठान के आयोजन के पूर्व मंदिर प्रबंधक समिति को सूचित करते हुए समिति से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

(v) मंदिर के सौन्दर्यीकरण/निर्माण को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

(vi) भूमि जिस पर वामन भगवान मंदिर अवस्थित है, एक रैयती जमीन है, जो बिहार सरकार, केन्द्रीय कारा, बक्सर के नाम से दर्ज है। कुल 01 एकड़ 90 डी० (600 फीट x 138 फीट) भूमि पर अवस्थित वामन भगवान मंदिर को कारा परिसर से बाहर किये जाने के संबंध में प्रस्ताव गृह विभाग (कारा) को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

3. उपरोक्त के आलोक में केन्द्रीय कारा, बक्सर की भूमि मे से कुल 01 एकड़ 90 डी० (600 फीट x 138 फीट) भूमि, जिस पर वामन भगवान मंदिर अवस्थित है, को मंदिर के विकास, सौन्दर्यीकरण एवं इसमें प्रवेश हेतु सहज व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से वामन भगवान मंदिर हेतु चिन्हित कर कारा परिसर से पृथक किये जाने तथा कारा सुरक्षा को अप्रभावित बनाये रखने हेतु मंदिर परिसर के तीन तरफ से कंटीले तार सहित 14 (चौदह) फीट की चहारदीवारी का निर्माण कराने की अनुमति प्रदान की जाती है।

4. उपरोक्त पर मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–01.07.2026 को मद संख्या–06 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है।

8.07.2026

**अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)**
गृह विभाग (कारा)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–कारा/भवन–11/2026 6537 पटना दिनांक– 8/7/2026

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, बक्सर/ पुलिस अधीक्षक, बक्सर/ अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर/ अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, बक्सर/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर एवं अधीक्षक, मुक्त कारागार, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8.07.2026

**अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)**
गृह विभाग (कारा)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–कारा/भवन–11/2026 6537 पटना दिनांक– 8/7/2026

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं सचिव, गृह विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

8.07.2026

**अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)**
गृह विभाग (कारा)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–कारा/भवन–11/2026 6537 पटना दिनांक– 8/7/2026

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, गृह विभाग (कारा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8.07.2026

**अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0)**
गृह विभाग (कारा)
बिहार, पटना।

D:\2025\Office Order\Sankalp Baman Bhagwan 03.07.2026.doc

विकास